# संवाद पत्र

पूर्वोत्तर सीमा रेल
निर्माण संगठन

अंक 44 | वर्ष : एकादश | त्रैमासिक | अक्टूबर, 2017


## पू.सी.रेल निर्माण संगठन के नये महाप्रबंधक



श्री नीलेश किशोर प्रसाद ने दिनांक 31, अक्टूबर, 2017 को महाप्रबंधक, पू.सी.रेल (निर्माण) के रूप में कार्यभार ग्रहण किया है। इससे पहले श्री प्रसाद, पूर्व रेल में मुख्य कार्मिक अधिकारी के रूप में कार्यरत थे। श्री एन.के.प्रसाद ने दिल्ली विश्वविद्यालय से स्नातकोत्तर किया और इग्नू से एमबीए की डिग्री हासिल करके जनवरी 1983 में भारतीय रेलवे कार्मिक सेवा के रूप में कार्यभार ग्रहण किया । वे 1981 बेच के अधिकारी हैं। दक्षिण मध्य रेलवे में प्रारंभिक वर्ष में उन्होने मंडल, आर ई, कारखाना तथा मुख्यालयों में एच आर तथा अन्य स्थांपना सबंधी मामलों के विषयों पर कार्य किया है । उसके बाद उन्हों ने पू.सी.रेल, मध्य रेल तथा पश्चिम रेल में विभिन्न पदों पर कार्यरत रहे । वे समन्वय एचओडी बने और वर्ष 2005 से 2008 तक दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के नए जोन में मुख्य कार्मिक अधिकारी के रूप में कार्य किया । वें वर्ष 2010 से 2012 तक दक्षिण रेलवे के चेन्नई में मुख्य कार्मिक अधिकारी के रूप में कार्य किया । मई, 2012 से फरवरी, 2015 के दौरान दक्षिण मध्य रेलवे गुंटुर में मंडल रेल प्रबंधक के रूप में कार्य किया । वर्ष 2015-17 तक पूर्व रेलवे में मुख्य कार्मिक अधिकारी के पद पर कार्यरत थे। उन्होंने आस्ट्रेलिया, टोरेन्टों, वाशिंगटन एवं पिट्सबर्ग, संयुक्त राष्ट्र अमेरिका जैसे विदेशों में मैनेजमेन्ट (प्रबंधन) पर प्रशिक्षण प्राप्त किया ।

## स्वतंत्रता दिवस समारोह, 2017

इस वर्ष पूर्वोत्तर सीमा रेल/ओपन लाइन तथा निर्माण संगठन ने मिलकर 71वॉं स्वतंत्रता दिवस समारोह संयुक्त रूप से ओपन लाइन में धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर श्री चाहते राम, महाप्रबंधक/पू.सी.रेल ने ध्वजारोहन किया एवं उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं उनके परिजनों को हार्दिक शुभकामनाएं दी ।

अपने संबोधन में उन्होंने गर्व महसूस करते हुए कहा की विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में जब राष्ट्र गर्व के साथ पिछले सात दशकों की गौरवपूर्ण यात्रा को देखता है, रेल कर्मी होने के नाते हमें भी इस यात्रा में एक महत्वपूर्ण भूमिका अदा करने की संतुष्टि का अहसास होता हैं। श्री चाहते राम ने कहा कि स्वच्छता हमारे लिए एक प्रेरक शक्ति बनी रही और रेलवे अपने सभी यात्रियों को साफ-सुथरी ट्रेन और स्टेशन उपलब्ध कराने की दिशा में लगातार प्रयासरत रहा । मुझे बताते हुए खुशी होती है कि चापरमुख-सिलघाट खण्ड को पूरी तरह मानव अवशिष्ट से मुक्त कर इसे " ग्रीन कॉरीडोर" में परिवर्तित कर दिया गया है। अन्य प्रयासों के तहत 752 कोचों में बॉयो टवायलेट्स लगाए गए, 52 ट्रेनों में ऑन बोर्ड हाऊस कीपिंग सर्विस का प्रावधान किया गया तथा 752 कोचों में सफाई की जरूरत के लिए "कोच मित्र" ऐप को लोकप्रिय बनाया गया। इस वित्तीय वर्ष की पहली तिमाही में हमने कुल यात्री आय तथा माल-भाड़ा आय में वृद्धि करते हुए समानुपाती लक्ष्य को पार कर लिया है । यात्रियों की संख्या के संदर्भ में हमने सभी जोनल रेलों की तुलना में सबसे अधिक 12% की रिकार्ड वृद्धि दर्ज की है । इस अवधि के दौरान पिछले वर्ष की तुलना में हमने शुरूआती लदान पर लगभग 2% की वृद्धि दर्ज की है और समानुपाती लक्ष्य को 5% से पार कर लिया है । अंतराष्ट्रीय व्यापार को बढ़ावा देने के लिए राधिकापुर-बिरोल खण्ड को सफलतापूर्वक ब्रॉड गेज में तब्दील किया गया है और इसे भारत तथा बांगलादेश के माननीय प्रधानमंत्री द्वारा 8 अप्रैल को यातायात के लिए खोल दिया गया । अब तक इस मार्ग पर एच.एस.डी बी.टी.पी.एन.एल.(HSD BTPNL) के 14 रैकों की दुलाई की है । पड़ोसी देशो के साथ रेल संपर्क बहाल करने के लिए अगरतला से अखौरा, हल्दीबाड़ी से चिलाती (बांग्लादेश ) और जोगबनी से बिराटनगर (नेपाल ) तक नई रेलवे लाइनों पर कार्य शुरू किया गया है । ये परियोजनाएं भारत सरकार की "एक्ट ईस्ट " पॉलिसी के क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेंगी ।



परियोजनाओं का समय पर पूरा होना और वहन क्षमता में बढ़ोत्तरी होने का पूर्वोत्तर क्षेत्र के आम लोगों पर सीधा प्रभाव पड़ता है । बराईग्राम-दुल्लबछेरा रेल खण्ड का आमान परिवर्तन कार्य इस वर्ष के मार्च महीने में पूरा करने के साथ ही पू.सी.रेल पर 100% आमान परिवर्तन का कार्य पूरा कर लिया गया है । कई महत्वपूर्ण राष्ट्रीय परियोजना शुरू कर दी गई हैं और हम आश्वस्त है कि 2020 तक उत्तर-पूर्व के सभी राज्यों की राजधानियों को ब्रॉड गेज रेल मार्ग से जोड़ने के अपने लक्ष्य को हम प्राप्त कर लेंगे । अंत में एक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया ।


| संरक्षक | मुख्य संपादक | संपादक | सहयोग |
|---|---|---|---|
| श्री एन. के. प्रसाद | श्री अजय कुमार | श्री रवि भूषण | श्रीमती रंजु झा |
| महाप्रबंधक/निर्माण | मुख्य राजभाषा अधिकारी/नि. | उप मुख्य राजभाषा अधिकारी/नि. | वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी/नि. |

# नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, गुवाहाटी (केंद्रीय कार्यालय-2) की वर्ष 2017-18 की प्रथम छमाही बैठक का आयोजन

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, गुवाहाटी (केंद्रीय कार्यालय-2) की वर्ष 2017-18 की पांचवी छमाही बैठक दिनांक 05.09.2017 को 15.30 बजे पूर्वोत्तर सीमा रेल के अधिकारी क्लब, नामबाड़ी, मालीगांव, गुवाहाटी-11 में आयोजित की गई। बैठक



का शुभारंभ श्री चाहते राम, महाप्रबंधक/निर्माण एवं अध्यक्ष नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, गुवाहाटी (केंद्रीय कार्यालय-2) ने दीप प्रज्ज्वलित करते हुए किया। इस बैठक में नराकास-2 के अंतर्गत आने वाले गुवाहाटी शहर के अधिक से अधिक सदस्य/कार्यालय शामिल हुए। बैठक की कार्यवाही का संचालन श्रीमती रंजु झा, समिति के सदस्य सचिव तथा वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी/नि. तथा मुनमुन शर्मा, राजभाषा अधिकारी/नि./पू.सी.रेल ने किया। श्री अजय कुमार, उपाध्यक्ष, नराकास एवं मुख्य राजभाषा अधिकारी/नि. ने उपस्थित सभी सदस्यों का स्वागत किया । श्री कुमार ने कहा कि अध्यक्ष महोदय के सुझाव एवं मार्गदर्शन से केंद्रीय कार्यालयों में राजभाषा के प्रचार-प्रसार को आगे बढ़ाने का अच्छा अवसर प्राप्त होगा । इस बैठक में विशेष रूप से केंद्र सरकार की राजभाषा नीतियों के बारे में विस्तारपूर्वक चर्चा की गई । तत्पश्चात रवि भूषण, उप मुख्य राजभाषा अधिकारी/नि ने सभी कार्यालयों से प्राप्त छमाही रिपोर्ट के आधार पर तैयार किए गए पावर प्वांइट प्रतिवेदन प्रस्तुत किया । श्री बदरी यादव, अनुसंधान अधिकारी (कार्यान्वयन) ने प्रशंसा व्यक्त करते हुए कहा कि नराकास-2 के अंतर्गत बहुत अच्छा काम हिंदी में हो रहा है। श्री यादव ने सभी सदस्य कार्यालय के कार्यालय प्रधान से राजभाषा के शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने का अनुरोध किया । श्री बी.एन.पांडे, सहायक निदेशक (पूर्वोत्तर), हिंदी शिक्षण योजना, मालीगांव ने गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग द्वारा चलाए जा रहे हिंदी प्रशिक्षण से संबंधित विस्तृत जानकारी दी और कहा कि सभी सदस्य कार्यालय इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। अध्यक्ष चाहते राम ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 351 के अनुसार संघ का यह दायित्व है कि वह हिंदी भाषा का प्रचार-प्रसार बढ़ाए और उसका उचित विकास करें ।



# सद्भावना दिवस का आयोजन



दिनांक 18.08.2017 को पूर्वोत्तर सीमा रेल/ओपन लाइन के साथ संयुक्त रूप से "सद्भावना दिवस" के उपलक्ष्य में पूर्वोत्तर सीमा रेल परिसर में राष्ट्रीय अखंडता एवं सांप्रदायिक सद्भावना को बढ़ावा देने के लिए एक शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया । इस अवसर पर श्री चाहते राम, महाप्रबंधक/पू.सी.रेल ने उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सद्भावना दिवस की शपथ दिलायी ।

# पूर्वोत्तर सीमा रेल, निर्माण संगठन, मालीगांव में राजभाषा सप्ताह समारोह-2017 का आयोजन

पूर्वोत्तर सीमा रेल/निर्माण संगठन, मालीगांव में "राजभाषा सप्ताह समारोह 2017" का शुभारंभ दिनांक 08.09.17 को किया गया। श्री एस. एन. सिंह, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण/1 ने दीप प्रज्ज्वलित कर राजभाषा सप्ताह समारोह का शुभारंभ किया तथा अपने संबोधन में उन्होंने अपने कार्यालय के दैनिक कामकाज में हिंदी का अधिकाधिक प्रयोग करने पर विशेष बल दिया । इस मौके पर श्री रवि



भूषण, उप मुख्य राजभाषा अधिकारी/नि, श्रीमती रंजु झा, वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी/नि, श्रीमती मुन मुन शर्मा, राजभाषा अधिकारी/नि तथा संगठन के अन्य अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे । दिनांक 08.09.2017 से 14.09.2017 तक आयोजित राजभाषा सप्ताह समारोह में संगठन द्वारा कई कार्यक्रम आयोजित किए गए जैसे



अधिकारियों के बीच प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, रेल कर्मचारियों के लिए हिंदी निबंध प्रतियोगिता, हिंदी वाक् प्रतियोगिता, हिंदी टिप्पण एवं प्रारूप लेखन प्रतियोगिता, ग्रुप 'डी' कर्मचारियों के लिए हिंदी भाषा ज्ञान प्रतियोगिता तथा बच्चों के लिए हिंदी कविता पाठ प्रतियोगिता आदि । दिनांक 14 सितम्बर, 2017 को "हिंदी दिवस" के अवसर पर श्री एस.



एन. सिंह, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण/1 ने सभी अधिकारियों तथा कर्मचारियों का स्वागत किया । समारोह का समापन श्री एस. एन. सिंह, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण/1 द्वारा हिंदी सप्ताह में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं तथा क्षेत्रीय प्रतियोगिताओं के विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किया तथा समारोह का अंत श्रीमती रंजु झा, वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी/निर्माण द्वारा धन्यवाद ज्ञापन से किया गया ।

## हिंदी सप्ताह में विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजयी प्रतिभागियों

### अधिकारियों के लिए प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता

प्रथम : 1. श्री आर. पी. जिंगर, मु.इंजी/नि.-1
2. श्री संदीप कुमार, मु.इंजी/नि.-6
3. श्री बी. एस. बंगा, मु.इंजी/नि.-8
4. श्री के. आर. बड़ो, उमुकाधि/नि.

द्वितीय : 1. श्रीमती माकवना भावना बेन, उ.मु.वि.स.मुलेधि/नि.
2. श्री विश्वजित दत्ता, उप मु.इंजी/नि./बजट
3. श्री टी. के. विश्वास, उप मु.इंजी/नि/निविदा
4. श्री आशीष कुमार दास, वरि. कार्मिक अधि/नि.

### कविता पाठ प्रतियोगिता

ग्रुप 'क' : प्रथम - शिल्पी शेखर कोंवर, द्वितीय - ज्ञानदीप दास, तृतीय - मनदीप बर्गियारी ।

ग्रुप 'ख' : प्रथम - अलका सेठी, द्वितीय - कोमल सेठी, तृतीय - उमंग एवं मिनल ।

### हिंदी टिप्पण एवं प्रारूप लेखन प्रतियोगिता

प्रथम : हिमांशु कुमार गुप्ता, वरिष्ठ सेक्शन इंजी.
द्वितीय : भानु तालुकदार, कनिष्ठ इंजी.
तृतीय : जयश्री हीरा , कार्यालय अधीक्षक

### हिंदी निबंध प्रतियोगिता

प्रथम : हिमांशु कुमार गुप्ता, वरिष्ठ सेक्शन इंजी.
द्वितीय : रत्ना देव, ट्रैक मैन
तृतीय : उमेश चंद्र गुप्ता, ट्रैक मैंटनर

### हिंदी वाक् प्रतियोगिता

प्रथम : हिमांशु कुमार गुप्ता, वरिष्ठ सेक्शन इंजी.
द्वितीय : राज कुमार साह, खलासी
तृतीय : चेतनाथ जोशी, टैकनिशियन-II

### भाषा ज्ञान प्रतियोगिता (ग्रुप डी कर्मचारियों के लिए)

प्रथम : कमल दहाल, वरिष्ठ्य ट्रैक मैन
द्वितीय : रत्ना देव, ट्रैक मैन
तृतीय : लाल कुमार राय, ट्रैक मैन

### हिंदी में सराहणीय कार्य के लिए पुरस्कार

अधिकारी : के.एन.तालुकदार , उप मुख्य इंजी./योजना

कर्मचारी : 1) सीमा दास, वरिष्ठ लिपिक 2)दिलीप कुमार पाल, मुख्य कार्यालय अधीक्षक 3) सत्यजीत राय, मुख्य कार्यालय अधीक्षक 4) प्रदीप बारोई, लिपिक 5) सामरन देव, कार्यालय अधीक्षक 6) रवि शंकर राय, फोटोग्राफर 7) नवज्योति कलिता, ट्रैक मैन 8) योगेश्वर प्रसाद, ए सी मैंटेनर 9) टेली (प्रोजेक्टार ग्रुप)

# भारत छोड़ो आंदोलन के 75 वों वर्षगांठ का आयोजन



भारत छोड़ो आंदोलन के 75 वों वर्षगांठ के उपलक्ष्य में दिनांक 21.08.2017 एवं 28.08.2017 को पूर्वोत्तर सीमा रेल/ओपन लाइन परिसर में एक शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया । इस अवसर पर श्री चाहते राम, महाप्रबंधक/पू.सी.रेल ने उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शपथ दिलायी ।

# मुख्य राजभाषा अधिकारी का नामन



श्री अजय कुमार, मुख्य इंजीनियर निर्माण/2 ने दिनांक 18-08-2017 को निर्माण संगठन के नये मुख्य राजभाषा अधिकारी/निर्माण का अतिरिक्ति पदभार ग्रहण किया।

# मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/नि-2 का पदस्थापन



श्री आनंद प्रकाश, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण/2 ने दिनांक 12-10-2017 को मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण-2 का पदभार ग्रहण किया ।

# मुख्य वित्त सलाहकार एवं मुख्य लेखा अधिकारी/निर्माण का पदस्थापन



तनवीर अहमद, मुख्य वित्त सलाहकार एवं मुख्य लेखा अधिकारी/निर्माण ने दिनांक 27-07-2017 को मुख्य वित्त सलाहकार एवं मुख्य लेखा अधिकारी/निर्माण का पदभार ग्रहण

# हिन्दी कार्यशाला का आयोजन



निर्माण संगठन के लिपिक वर्गीय कर्मचारियों के लिए दिनांक 18-09-2017 से 22-09-2017 तक 5(पांच) दिवसीय हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया । कार्यशाला में राजभाषा नीति, राजभाषा अधिनियम, राजभाषा नियम, वार्षिक कार्यक्रम तथा राजभाषा संबंधी प्रोत्साहन / पुरस्कार योजनाओं की जानकारी दी गई और कर्मचारियों को टिप्पण एवं प्रारूप लेखन तथा कार्यालयीन हिंदी व प्रशासनिक एवं रेल शब्दावली के बारे में भी संक्षिप्त जानकारी दी गई । इस कार्यशाला में विभिन्न विभागों के कुल 39 कर्मचारियों ने भाग लिया।

## इन्द्रधनुष की रंग काले

रिश्तों की जमा पूंजी में खुशियां बटोरते-बटोरते थक गए हम
पता न चला कब अतीत को वर्तमान की कदमों तले रौंद गए ।।
आवेश के झूले में झूला झूलते-झूलते
सपनों की नगरी में खोए-खोए रहते ।।
इंद्रधनुष की रंगों में अपना रंग ढूंढते-ढूंढते
पाए सारे रंग काले-काले।।

मेरे सबनम भरी फव्वारा से, अब सोले निकलने लगे
मोम थी मैं, हालातों के परत से पत्थर बन गये ।
अतीत की घोड़े, इस तरह भागे
न टिक पाए वर्तमान की चेतक के आगे ।।
जिंदगी की दौड़ में अपना पहचान ढूंढते-ढूंढते ,
उलझन की जाल से अपने को सुलझाते रह गये ।।

परन्तु आस की हैं लम्बी कतार...
करना है हमें इन्तजार ।।
पैरों तले समय की रेत तेजी से निकल गए,
हम भी उस तेज धार में बहते चले गए।
जोड़ लगाया, क्या खोया ? क्या पाया?
हिसाब करते-करते ताउम्र बीत गया ।।
किसी से न गिला, न किसी से शिकवा है,
बस, अब उस आखिरी सांस की ही आस है।।

- मुन मुन शर्मा
*राजभाषा अधिकारी/नि.*